-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 09.05.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना अतर्रा क्षेत्र में व्यक्ति के साथ 50 हजार रुपए लूट की घटना को अंजाम देने अभियुक्त को थाना अतर्रा, फतेहगंज व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद।**

❖ **अभियुक्त पर हत्या, चोरी, गुण्डा एक्ट, एनडीपीएस एक्ट सहित डेढ़ दर्जन के अधिक मामले चित्रकूट, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में है दर्ज।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व क्षेत्राधिकारी अतर्रा श्री प्रवीण कुमार यादव के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 09.05.2025 को कस्बा अतर्रा में लूट की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि दिनांक दिनांक 07.05.2025 को कस्बा अतर्रा के रहने वाले मार्तण्ड सिंह पुत्र रैपाल सिंह के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा 50 हजार रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना अतर्रा पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। इसी क्रम में आज दिनांक 09.05.2025 को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल से कस्बा अतर्रा में बैंकों के आसपास घूम रहा है इस सूचना पर पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति की घेराबंदी कर रोका गया तो स्वयं को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करना शुरू कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगी और वह घायल हो। अभियुक्त को गिरफ्तार कर इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त के कब्जे से लूट के 41 हजार 500 रुपये, अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस, खोखा कारतूस व पल्सर मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

बरामदगी-

- 41 हजार 500 रुपये (लूट के)
- 01 अदद् अवैध तमंचा 315 बोर
- 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर
- पल्सर मोटरसाइकिल (घटना में प्रयुक्त)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. रामबाबू पुत्र पराग निवासी शिवनगर मानिकपुर जनपद चित्रकूट

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री ऋषिदेव सिंह प्र0नि0 फतेहगंज मय टीम
2. श्री कृष्णदेव त्रिपाठी प्रभारी एसओजी मय टीम
3. थाना प्रभारी अतर्रा मय टीम

आपराधिक इतिहास रामबाबू पुत्र पराग निवासी शिवनगर मानिकपुर जनपद चित्रकूट-

1. मु0अ0सं0 15/10 धारा 216 ए भादवि व 12/24 डीए एक्ट थाना मानिकपुर चित्रकूट
2. मु0अ0सं0 16/10 धारा 25 ए एक्ट थाना मानिकपुर चित्रकूट
3. मु0अ0सं0 425/10 धारा 110 जी सीआरपीसी थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट
4. मु0अ0सं0 804/10 धारा 3 यूपी गुंडा एक्ट थाना मानिकपुर चित्रकूट
5. मु0अ0सं0 255/11 धारा 60 आब0 अधिनियम थाना मानिकपुर चित्रकूट
6. मु0अ0सं0 78/14 धारा 379/356/411 भादवि थाना जीआरपी करही जनपद चित्रकूट
7. मु0अ0सं0 155/16 धारा 323/504/452/506 भादवि थाना मानिकपुर चित्रकूट
8. मु0अ0सं0 190/17 धारा 302 भादवि व 3(2)v Sc/ST Act थाना मानिकपुर चित्रकूट
9. मु0अ0सं0 60/19 धारा 3 यूपी गुंडा एक्ट थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट
10. मु0अ0सं0 03/20 धारा 10 यूपी आबा अधिनियम थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट
11. मु0अ0सं0 088/20 धारा 188/269/332/353 भादवि थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट
12. मु0अ0सं0 166/21 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना करही जनपद चित्रकूट
13. मु0अ0सं0 195/21 धारा 379/411 भादवि थाना रैपुर जनपद चित्रकूट
14. मु0अ0सं0 22/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना मानिकपुर चित्रकूट
15. मु0अ0सं0 77/22 धारा 60 आबा अधिनियम थाना मानिकपुर चित्रकूट
16. मु0अ0सं0 121/23 धारा 379/411 भादवि थाना मऊ जनपद चित्रकूट
17. मु0अ0सं0 748/23 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली सतना म0प्र0
18. मु0अ0सं0 755/23 धारा 21/22/8 म0प्र0 ड्रग कन्ट्रोल एक्ट भादवि थाना कोतवाली सतना म0प्र0
19. मु0अ0सं0 756/23 धारा 224 भादवि थाना कोतवाली सतना म0प्र0
20. मु0अ0सं0 153/25 धारा 309(4) बीएनएस थाना अतर्रा जनपद बांदा।
21. मु0अ0सं0 155/25 धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अतर्रा जनपद बांदा